Bareilly, Tuesday,
19 January 2021
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - 2.50/-
Outside Bareilly City - 3/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 04 : MIDDLE

श्रीराम मूर्ति में 13 स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (18 Jan): श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के ट्रेनिंग डेवलेपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग में इनोवेटिव सिस्टम की तरफ से बीटेक एवं एमसीए के लास्ट ईयर के 13 स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट हुआ. कार्यक्रम का इनॉग्रेशन हेड ट्रेनिंग डेवलपमेंट एवं प्लेसमेंट सेल से आए प्रतिनिधियों ने किया. इस मोके पर डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, निर्मल जोशी, प्रिंयका गुप्ता, मनीषा खंडेलवाल और नेहा सक्सेना आदि मौजूद रहीं.

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की दी जानकारी

BAREILLY (18 Jan): श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग व इंफार्मेशन टेक्नोलाजी डिपार्टमेंट में मंडे को 'आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस' विषय पर वेबिनार का आयोजन हुआ. जिसका इनॉग्रेशन डिपार्टमेंट हेड डॉ. एलएस मौर्य, विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ता डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने किया. वेबिनार में बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग भीड़ प्रबंधन और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के लिए किया जा सकता है.

एसआरएमएस में हुआ वेबिनार.

बरेली, मंगलवार
19 जनवरी, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14

दैनिक जागरण

PAGE NO. 06 : MIDDLE RIGHT

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर हुआ राष्ट्रीय वेबिनार

बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी, बरेली में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग व इन्फार्मेशन टेक्नोलाजी विभाग की ओर से सोमवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन हुआ। शुरुआत विभागाध्यक्ष डा एलएस मौर्य द्वारा विशेष अतिथि और मुख्य वक्ता के स्वागत से हुआ। आशीष अग्रवाल ने विषय के बारे में बताया। विशेष अतिथि और मुख्य वक्ता डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग भीड़ प्रबंधन और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के लिए किया जा सकता है। डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, हीरेश गुप्ता मौजूद रहे। इंजी. मानवी मिश्रा ने आभार जताया। वि.

एसआरएमएस में वेबिनार ● सौ. संस्थान